## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक– 09.02.2026 (दोपहर–1310 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने परीक्षा पे चर्चा के दौरान विद्यार्थियों को तनाव से निपटने के तरीकों पर की बात, छोटे स्टार्टअप से उद्यमशीलता की यात्रा शुरू करने के लिए किया प्रोत्साहित।**
2. **राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने जामताड़ा में सड़क निर्माण कार्य का किया शिलान्यास, कहा– गांव–गांव तक सड़क की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध।**
3. **आद्रा रेल मंडल में रोलिंग ब्लॉक की वजह से नौ जोड़ी ट्रेनों का परिचालन आज से 15 फ़रवरी तक रहेगा प्रभावित, धनबाद होकर गुज़रने वाली ट्रेनें भी हैं शामिल।**
4. **रांची, देवघर समेत राज्य के 14 जिलों में फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर कल से चलेगा मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन अभियान, तैयारियों को लेकर हुई बैठक।**

   **और**
5. **दिशोम गुरु शिबू सोरेन मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब पवन एकादश, रामगढ़ की टीम ने जीता, गौंझू ब्रदर्स की टीम बनी उपविजेता।**

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकप्रिय संवाद कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा के 9वें संस्करण के दौरान विद्यार्थियों से बातचीत की। आज जारी किए गए इसके दूसरे वीडियो में प्रधानमंत्री ने परीक्षा के दौरान तनाव और चिंता से निपटने के तरीकों पर चर्चा की।

श्री मोदी ने विद्यार्थियों को छोटे स्टार्टअप से अपनी उद्यमशीलता की यात्रा शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया और कहा कि बड़े विचार अक्सर छोटी शुरुआत से ही पनपते हैं।

श्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि अनुशासन और प्रेरणा दोनों ही आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि अनुशासन के बिना केवल प्रेरणा अक्सर अप्रभावी होती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अनुशासन दिशा देता है जबकि प्रेरणा यात्रा को मजबूत बनाती है।

*******************

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने जामताड़ा जिले में झरनापाड़ा मोड़ से उदलबनी तक सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस मौके पर मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार गांव–गांव तक सड़क की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

*******************

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य में डीएमएफटी फंड के कथित दुरुपयोग के मामलों पर संज्ञान लेने के लिए केंद्र सरकार का आभार जताया है। उन्होंने आरोप लगाया कि खनन प्रभावित क्षेत्रों में लोग प्रदूषण में रहने को मजबूर हैं, जबकि डीएमएफटी की राशि से उपायुक्तों के बंगले सजाए जा रहे हैं, डाक बंगले और जिम बनाए जा रहे हैं, जो अपराध की श्रेणी में आता है। श्री मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और संबंधित अधिकारियों से डीएमएफटी फंड के एक–एक पैसे का हिसाब लेने और कड़ी कार्रवाई की मांग की।

*******************

प्रवर्तन निदेशालय– ईडी ने राज्य के ग्रामीण विकास विभाग में कमीशनखोरी के मामले में एक दर्जन इंजीनियरों को सम्मन जारी किया है। इन्हें अलग–अलग तारीखों पर पूछताछ के लिए बुलाया गया है।

*******************

आद्रा रेल मंडल में रोलिंग ब्लॉक की वजह से नौ जोड़ी ट्रेनों का परिचालन आज से 15 फ़रवरी तक प्रभावित रहेगा। इसमें धनबाद होकर गुज़रने वाली ट्रेनें भी शामिल हैं। धनबाद रेल मंडल के सीनियर डीसीएम मोहम्मद इक़बाल ने बताया कि आसनसोल आद्रा आसनसोल मेमू 10, 12 और 14 फ़रवरी को रद्द रहेगी। वहीं आद्रा भागा आद्रा मेमू 12 और 15 फ़रवरी को रद्द की गई है। आद्रा मिदनापुर आद्रा मेमू भी 12 फ़रवरी को दोनों ओर से रद्द कर दी गई है।

इसके अलावा झारग्राम धनबाद झारग्राम एक्सप्रेस 10 से 13 फ़रवरी तक बोकारो स्टील सिटी से झाड़ग्राम के बीच चलेगी। इसके अलावा अन्य ट्रेनों का परिचालन भी प्रभावित रहेगा।

*******************

रांची, देवघर समेत राज्य के 14 जिलों में फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर कल से मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन अभियान चलाया जाएगा। रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने बताया कि कल रांची जिले के 619 बूथों पर यह अभियान चलाया जाएगा।

इधर देवघर में स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग की ओर से मीडिया संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस मौके पर राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. बिरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि 10 फरवरी से 25 फरवरी तक बोकारो, देवघर, धनबाद, पूर्वी सिंहभूम, गढ़वा, गिरिडीह, गुमला, रामगढ़, रांची, साहिबगंज, लोहरदगा, कोडरमा, पाकुड़ और सिमडेगा में यह अभियान चलाया जाएगा।

*******************

नगर निकाय चुनाव कराने को लेकर धनबाद जिला प्रशासन पूरी तरह तैयार है। निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए फ्लाइंग स्क्वायड टीम तथा स्टेटिक सर्विलांस टीम का गठन कर लिया गया है। चुनाव के मद्देनजर पैसा लेकर चलने पर भी जिला प्रशासन की निगरानी रहेगी। जिले के उपायुक्त आदित्य रंजन ने बताया कि एक लाख 99 हजार रुपये से अधिक राशि लेकर चलने पर संबंधित व्यक्ति को उसके स्रोत और कार्य की जानकारी देनी होगी।

*******************

आज सुबह के कारोबार में घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में आधे प्रतिशत से अधिक की बढ़त देखी गई। ताजी रिपोर्ट के अनुसार, सेंसेक्स चार सौ उनतीस अंक बढ़कर चौरासी हजार नौ पर और निफ्टी एक सौ तिरपन अंक बढ़कर पच्चीस हजार आठ सौ छियालीस पर पहुंच गया। क्षेत्रीय स्तर पर, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, रियल एस्टेट और उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं में खरीदारी देखी गई।

*******************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 45 हजार 8 सौ रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 78 हजार रूपये प्रति किलो है।

*******************

धनबाद के पांडरपल्ला और राहमतगंज के करीब 6 हजार मतदाताओं का नाम वार्ड संख्या 19 नया बाजार में जोड़े जाने के विरोध में रणधीर वर्मा चौक पर धरना दिया गया। इस दौरान गांधी वादी तरीके से धरना दे रहे इजहार बिहारी ने कहा कि संबंधित अधिकारी जबतक इस समस्या का समाधान नही करेंगे तबतक धरना जारी रहेगा।

*******************

दिशोम गुरु शिबू सोरेन मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन रांची के सिल्ली में किया गया। इसके फाइनल मुकाबले में पवन एकादश, रामगढ़ की टीम विजेता बनी, जबकि गौंझू ब्रदर्स की टीम उपविजेता रही। विजेता और उप विजेता टीम को सिल्ली विधायक अमित महतो ने पुरस्कृत किया।

*******************